भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2505**
दिनांक 06.08.2024 को उत्तरार्थ

**पंचायत कार्यालयों में इंटरनेट कनैक्शन**

**2505. डॉ. राजेश मिश्रा:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के सभी पंचायत कार्यालयों में इंटरनेट कनेक्टिविटी है और केन्द्र सरकार की योजनाओं के ग्रामीण लाभार्थियों को सुविधा देने के लिए इनमें डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति की गई है;

(ख ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने वर्ष 2025 तक सभी पंचायत कार्यालयों में इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए कोई रूपरेखा तैयार की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**
**(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)**

(क) से (घ) डिजिटल इंडिया के विजन को प्राप्त करने के लिए, देश में सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने हेतु एक नेटवर्क बनाने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा चरणबद्ध तरीके से भारतनेट परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है। अब तक देश में भारतनेट परियोजना के तहत 2.17 लाख ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया जा चुका है। दिनांक 30.06.2021 को भारतनेट का दायरा देश में ग्राम पंचायतों से आगे सभी आबादी वाले गांवों तक बढ़ा दिया गया है। इस सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची II (राज्य सूची) के अनुसार, 'पंचायत' एक 'स्थानीय सरकार' होने के कारण राज्य का विषय है। इसलिए पंचायत कार्यालयों में डेटा एंट्री ऑपरेटर का प्रावधान करना राज्यों का प्राथमिक दायित्व है। पंचायती राज मंत्रालय की भूमिका स्थानीय स्व-शासन के रूप में पंचायतों के पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी कामकाज के लिए विभिन्न उपाय करने की दिशा में राज्य सरकारों को सहयोग और तकनीकी सहायता प्रदान करना रहा है।

****

**अनुबंध-I**

## सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य का नाम | कुल जीपी/टीएलबी | सेवा के लिए तैयार जीपी/टीएलबी | कार्यशील जीपी/टीएलबी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 70 | 81 | 46 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13326 | 12967 | 5559 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 1117 | 157 |
| 4 | असम | 2662 | 1634 | 501 |
| 5 | बिहार | 8054 | 8860 | 2892 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 11645 | 9759 | 1651 |
| 7 | गोवा | 191 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 14621 | 14559 | 11465 |
| 9 | हरियाणा | 6225 | 6204 | 1941 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 415 | 276 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 4291 | 1113 | 454 |
| 12 | झारखंड | 4345 | 4646 | 2296 |
| 13 | कर्नाटक | 5952 | 6251 | 3659 |
| 14 | केरल | 941 | 1130 | 946 |
| 15 | लद्दाख | 193 | 193 | 40 |
| 16 | लक्षद्वीप | 10 | 9 | 5 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 23011 | 18105 | 2754 |
| 18 | महाराष्ट्र | 27911 | 24597 | 3877 |
| 19 | मणिपुर | 3812 | 1479 | 21 |
| 20 | मेघालय | 6831 | 696 | 27 |
| 21 | मिजोरम | 841 | 529 | 61 |
| 22 | नागालैंड | 1304 | 233 | 13 |
| 23 | ओडिशा | 6794 | 7099 | 3337 |
| 24 | पुदुचेरी | 108 | 101 | 94 |
| 25 | पंजाब | 13238 | 12807 | 9432 |
| 26 | राजस्थान | 11208 | 8997 | 6421 |
| 27 | सिक्किम | 199 | 54 | 6 |
| 28 | तमिलनाडु | 12525 | 9882 | 3449 |
| 29 | तेलंगाना | 12771 | 10915 | 5812 |
| 30 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 38 | 41 | 19 |
| 31 | त्रिपुरा | 1176 | 771 | 424 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 57691 | 47341 | 3921 |
| 33 | उत्तराखंड | 7795 | 2014 | 1127 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 2958 | 2319 |
| **कुल** | | **268841** | **217557** | **75002** |

**कुछ ग्राम पंचायतों में 1 से अधिक सेवा बिंदु हो सकते हैं।*

----